**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :** अधिकतम प्रसार संख्या वाले 10 दैनिक समाचार पत्रों की सूची :—

| क्रम सं० | समाचार पत्र का नाम तथा प्रकाशन का स्थान | भाषा/दैनिक | कलैंडर वर्ष 1990 के दौरान प्रति प्रकाशन दिवस में औसत प्रसार संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आनन्द बाजार पत्रिका, कलकत्ता | बंगला/दैनिक | 4,12,440 |
| 2. | पंजाब केसरी, जालंधर | हिन्दी/दैनिक | 3,42,744 |
| 3. | हिन्दुस्तान टाइम्स, दिल्ली | अंग्रेजी/दैनिक | 3,31,238 |
| 4. | गुजरात समाचार, अहमदाबाद | गुजराती/दैनिक | 2,43,562 |
| 5. | लोक सत्ता, बम्बई | मराठी/दैनिक | 2,43,468 |
| 6. | पंजाब केसरी, दिल्ली | हिन्दी/दैनिक | 2,07,582 |
| 7. | मलयालम मनोरमा, कालीकट | मलयालम/दैनिक | 1,92,751 |
| 8. | प्रजावाणी, बंगलौर | कन्नड़/दैनिक | 1,88,583 |
| 9. | मलयाला मनोरमा, कोट्टायम | मलयालम/दैनिक | 1,85,554 |
| 10. | मलयाला मनोरमा, त्रिवेन्द्रम | मलयालम/दैनिक | 1,85,554 |

**आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों के स्तर में सुधार**

1414. **श्रीमती वीणा वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी दिल्ली से प्रतिदिन कितने समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं तथा अन्य स्टेशनों से प्रसारित किए जाने वाले बुलेटिनों की संख्या कितनी है; और

(ख) सरकार ने आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों के स्तर में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :** (क) आकाशवाणी दिल्ली से उसकी गृह सेवा, प्रादेशिक सेवा तथा विदेशी सेवा के अंतर्गत प्रतिदिन 149 बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं । आकाशवाणी के अन्य प्रादेशिक केन्द्रों से 136 समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं ।

(ख) आकाशवाणी का समाचार बुलेटिनों के स्तर तथा प्रस्तुतीकरण में सुधार लाने का सतत प्रयास रहता है । इसी दिशा में निम्नलिखित दो नई शुरुआत की गई है :—

1. प्रातः 8.00 बजे और 8.15 बजे 15–15 मिनट का "समाचार प्रभात" और "मार्निंग न्यूज" और

2. राष्ट्रीय चैनल पर मध्य रात्रि से आरम्भ दिन-रात (24 घंटे) प्रति घंटा एक समाचार बुलेटिन ।